# IKMG पत्रिका

IKMG LTD
Connecting people who care..




January, 2023 issue

19th edition

# Core Members



## Raj Khanna

Founder Chairman - IKMG

# Patrons



Kamla Seth

Patron



Rakesh Tandon

Patron



Shashi Mehrotra

Patron

# Advisory Council



## Akhil Tandon

Member - Advisory Council



## Suman Kapoor

Member - Advisory Council

# Directors



## Amit Tandon
Director



## Kunu Kapoor
Director & President – Kannauj



## Mukul Varma
Director



Paras Tandon

Director



Sharad Mehrotra

Director



Dr. Shonu Mehrotra

Director



Varun Mehrotra

Director

# Presidents - India Chapters



Dr. Anurag Mehrotra

President - Men's Wing - Kanpur



Archana Mehrotra

President - Lucknow




Chhavi Mehrotra

President - Agra



Dr. Kamal Dhawan

President - Women's Wing - Kanpur



Jai Shree Khanna

President - Moradabad



## Kiran Batra

President - Jhansi



## Mala Mehrotra

President - Vrindavan & Mathura



## Mamta Sethi Bhamri

President - Meerut



## Mita Kakkar

President - Jaipur



## Neha Kapoor Mehrotra

President - Pilibhit



## Pankaj Mehrotra

President - Noida & Ghaziabad



## Prachi Kapoor
President - Mumbai



## Rachna Tandon
President - Women's wing - Lucknow



## Rajni Kapoor
President - Gurgaon & Faridabad



## Rajni Seth
President - Shahjahanpur



## Rakhi Chopra
President - Lakhimpur



## Ranjan Jalote
President - Varanasi



Ravi Mehrotra

President - Bareilly



Renu Mehrotra

President - Biswan



Rohit Mehrotra

President - Prayagraj



Santosh Kapoor

President - Aurangabad



Shreyas Seth

President - Kolkata



Shobhna Mehrotra

President - Sitapur



## Shubham Kapoor

President - Ramnagar & Kashipur



## Sourabh Tandon

President - Delhi



## Vimal Mehra

President – Jodhpur



# Presidents - International Chapters



## Anamika Khanna

President - Hongkong



## Anirudh Khanna

President - Germany



## Gaurav Mehrotra

President - USA



## Kanhaiya Mehrotra

President – Canada



## Priti Mehrotra

President – Australia

# Other office bearers



## Ankit Mehta

Vice President - Mussoorie & Dehradun



## Chander Mohan

Vice President - Ambala



## Darshana Khanna

Vice President - Moradabad



## Kanak Mehrotra

Vice President - Australia



## Keshav Baijal

Vice President - Lucknow



## Kuldeep Arora
Vice President - Vrindavan



## Laxmi Khanna
Vice President - Women’s wing - Kanpur



## Meghna Khanna
Vice President - Shahjahanpur



## Naresh Burman
Vice President - Mathura



## Nayan Mehrotra
Vice President - Youth Wing and Gurgaon & Faridabad



## Pawan Mehrotra
Vice President - Agra



## Reena Mehrotra

Vice President - Kannauj



## Rina Burman

Vice President - Kolkata



## Ruby Puneet Bhalla

Vice President - Biswan



## Sapna Kakkar

Vice President - Lakhimpur



## Shivam Mehrotra

Vice President – Ghaziabad



## Suchita Kacker Meena

Vice President – Delhi



## Utkarsh Mehrotra

Vice President - Varanasi



## Vikas Kapoor

Vice President – Jodhpur



## Pashupati Tandon

Treasurer - Noida & Ghaziabad



## Poonam Tandon

Treasurer - Shahjahanpur



## Rachna Mehrotra

Treasurer - Kannauj



## Rama Kant Tandon

Treasurer - Lucknow



## Manju Mehrotra

Secretary - Kannauj



## Raj Kapur

Secretary - Noida & Ghaziabad



## Sachin Kapoor

Secretary - Bareilly



## Sanjay Tandon

Secretary – Lucknow



## Jayant Mehrotra

Mentor - Mumbai



## Savita Chopra

Mentor - Lakhimpur



# *Happy New Year*

# 2023

**IKMG LTD**

Connecting people who care..

# From the Chairman's desk

## Writer: Mr. Raj Khanna, London

**NEW YEAR, NEW HEART**

When we say 'New Year's Celebration', what do we actually celebrate? Is it the beginning of a new year? Or the end of the old one? Are we leaving old things behind? Or are we looking forward to new ones? Not everything old must be left behind. Last year we did such great work in bringing smile to people's face, we don't want to leave that behind. So what new are we going to celebrate this New Year? I guess, that's what I'll discuss today.

I wish all of you a very happy, positive and meaningful new year. It hasn't been very long since we came out of a pandemic and the world just started to feel like normal again. We did lots of things last year, helped a lot of people, matched a lot of couples, celebrated festivals with people who don't have a family, found about hidden talents of kids who are considered specially challenged and a lot more. There was a sheer sense of dedication in every member of

the organisation and everyone did their best to serve the mankind. So, how’s this year going to be different and the answer to the above question, what new are we going to celebrate this new year?

This year we will work on a project so big, that we can say that it is a project of our lifetime. And this project will continue to go on till we are alive. This year, we won’t be just helping those in need, we’ll be helping ourselves as well. We’ll celebrate ‘A new Heart’.

This year, we’ll follow the sole purpose of IKMG in our each and every breath. Till now, we helped others during occasions, festivals, out of compulsion but this time we’ll make it a habit. Habit is something that is practiced over the period of time. Some people practice to play sports, some people practice to study, some people practice an art form – but rarely do we find anyone who practices to be kind, who practices to have a good heart, who practices to spread positivity. At IKMG we’ve always gone past our abilities, and we will continue to do that.

When we practice something so much that it becomes our habit, it becomes a part of our personalities as well. So, just like a person


who practices art becomes an artist, if we practice kindness and positive attitude, we'll become a kind person. Then we don't have to put an effort every time the moment comes, it will happen naturally. Being kind is the biggest help we can do to anyone. So, include kindness in your words, actions and mind and everything will be better.

I have big hopes and dreams for IKMG and you all always fulfil all my dreams and hopes with your effort and your dedication. I wish all of you a very happy and positive new year and I wish you get everything you ever wished for yourself. IKMG is not just an organisation, it is an idea and you all made this idea came to life. Bless you.

Love and Wishes,
Raj.

2023

Mr. Raj khanna is the Founder Chairman of IKMG and resides in London. He is committed to social service, philanthropy and well being of the society.



# IKMG GLOBAL MEET

**VENUE: HOTEL AMAR, FATEHABAD ROAD TOURIST COMPLEX AREA, TAJGANJ, AGRA**
**HOST CITY- AGRA- INDIA**
**CHECK IN 28.01.2023 / 12.00 NOON**
**CHECK OUT 29.01.2023 / 12.00 NOON**
**LUNCH, CONFERENCE, TEA,**
**CULTURAL EVENING AND DINNER**
**HOTEL**
**29.01.2023 / BREAKFAST / CHECK OUT 12 NOON**

**CHARGES**
**INR 2700 FULL BOARD PP**
**SINGLE OCCUPANCY - 3700**
**EXTRA BED WITH ALL MEAL 1200 PP**
**INR 1600 PP ( NOT TAKING ACCOMMODATION)**
**INR INR 300 PP REGISTRATION**
**UNDER 18 NO REGISTRATION FEE**
**DEPOSIT INR 1000 PP**

---

**ACCOUNT NAME: R. KHANNA / ACCOUNT NO: 40859377154**
**IFSC: SBIN0013405 / STATE BANK OF INDIA / PARLIAMENT STREET BRANCH, NEW DELHI**
**FROM OTHER COUNTRIES TO :INTERNATIONAL KHATTRI MAHASABHA GROUP LTD**
**ACCOUNT NO.: 96283301 / SORT CODE: 609357**
**SWIFT CODE: BIC: SBIOIGB2L / IBAN: GB87SBOI60935796283301**
**REF: GM**
**FOR ANY INFORMATION AND QUERY?**
**PLEASE WRITE TO INTKMG@GMAIL.COM**
www.ikmgglobal.org

# Table of Contents / विषय  सूची


| S. No. | Content | Page No. |
|---|---|---|
| 1 | नववर्षस्य शुभाशया: | 24 |
| 2 | जातिवाद का बंधन | 26 |
| 3 | नये कदम विश्वास के | 28 |
| 4 | शिशु और भोलापन | 29 |
| 5 | २५ दिसंबर बड़ा दिन | 31 |
| 6 | इच्छा | 33 |
| 7 | अलबेली जिंदगी | 36 |
| 8 | Personality of the month | 39 |
| 9 | परिवर्तन  की  यात्रा | 44 |
| 10 | Our Proud moments | 63 |
| 11 | Love my style | 66 |

# नववर्षस्य शुभाशया:

## लेखिका - श्रीमती देवांगना चड्ढा, दिल्ली

ज़र्रा ज़र्रा वक्त गुज़र रहा है,

कुछ तरबियत तालीम देकर,

बर्फ की चादर ओढ़े दिसंबर पिघल रहा है |

देखो ..! हर साल की तरह ये साल भी ढल रहा है |

गुज़र जाता है सारा साल तमाम उलझनों की मशरूफियत में,

दिसंबर सीने में कैद अरमानों को परतों से ढक रहा है,

क्या तेरा है - क्या मेरा है...

इसी कश्मकश में,

दिसंबर पिघल रहा है |

कुछ यादें देकर - कुछ वादे देकर,

अनसुनी ध्वनि की आहटें देकर,

गुनगुनी धूप में नए सपने बुनकर,

दिसंबर पिघल रहा है ....

देखो हर साल की तरह यह साल भी ढल रहा है |

हर्फ़ -ए- शिकायत को आज़ाद किये,

प्यार भरी बाँहों का हार लिए,

बेक़रार सी चाहतें और आँखों में जुनून लिए,

मुट्ठी में अनगिनत ख्वाब लिए..

एक नयी सुबह का आगाज़ कर रहा है,

देखो एक नया साल उदय हो रहा है |

2023



Devangana Chadha, a poetess who aspires to be a well known writer one day. Currently a home maker and loves to live life to the fullest. Her hobbies are photography, painting, singing and dancing .

# जातिवाद का बंधन

## लेखक - श्री मनोज पुरी, ग्रेटर नोएडा

धरा से जब नवजात शिशु का, प्रथम समागम होता है,
न वो हिन्दू , न वो मुस्लिम, न सिक्ख-ईसाई होता है।
पर बंधने को जब जातिवाद के, बंधन में वह होता है,
किलकारी भर-भर कर तब वह, बहुत ही ज्यादा रोता है।।

माँ की कोख को छोड़ने का, अफसोस बहुत उसे होता है,
और जातिवाद में बंध कर, तो वह जीवन भर ही रोता है।
एक ही जैसी कोख है सब की, खून भी सब का लाल ही है,
पर जातिवाद मे बंध कर मानव, आज तलक बेहाल ही है।।

क्यों आखिर इस जातिवाद से, मुक्त न वो हो पाया है,
क्यों आखिर इस भेद-भाव को, हम सब ने अपनाया है।
बंधना है तो मानवता के, धर्म में बंधना सीखो तुम,
इंसान बनो पर शैतानी, व्यवहार न करना सीखो तुम।।

राजनीति हो रही देश में, दंगे भी इस पर होते,
नासूर बने इस मुद्दे पर, मतैक्य नहीं पर हम होते।
जातिवाद और धर्म के नाम पर, देश को क्यों हम बॉट रहे,
क्यों आखिर आपस में हम सब, इक दूजे को काट रहे।।

रोते हुए धरा पर आते, रोते छोड़ के हम जाते,
अपने कर्मो के कारण, हम अंत समय तक पछताते।
जननी और धरा दोनो का, कर्ज चुका कर जाना है,
जातिवाद में बंधने खातिर, जन्म नहीं फिर पाना है।।

2023



श्री मनोज पुरी 'केन्द्रीय राजस्व नियन्त्रण सेवा ' के सेवा निवृत्त राजपत्रित अधिकारी हैं जिनकी कविताओं का संग्रह- 'अंजुमन' काव्य जगत में चर्चित रहा है तथा वे कई स्थानों पर पुरस्कृत व सम्मानित हुए हैं। आप पिछले ५० साल से योग से जुड़े हैं व ३५ वर्षो से अधिक योग प्रशिक्षक के रूप में समाज सेवा कर रहें हैं।

# नये कदम विश्वास के

## लेखिका - श्रीमती शबनम मेहरोत्रा, कानपुर

होंगे सार्थक आज या कल नए कदम विश्वास के

पांव हो अंगद सा ये अटल नए कदम विश्वास के

देख के काले अंधियारे को पांव तेरा न रुकने पाए

सारे करेंगे ये काम सफल नए कदम विश्वास के

अर्जुन जैसी दृष्टि तेरी आँख पे केवल टिकी रहे

दृष्टि में बस यही के एकल नये कदम विश्वास के

कौन तुम्हारे आगे है या कौन तुम्हारे पीछे है

न देखो बस कर दो पहल नए कदम विश्वास के

शबनम यकीं करो हरि पर कुछ न तेरा बिगड़ेगा

तू पी ले रख मीरा सा गरल नए कदम विश्वास के

2023

श्रीमती शबनम मेहरोत्रा का जन्म १९४९ में जबलपुर नगर में सम्भ्रांत कुलीन व्यापारिक परिवार में हुआ।



प्रकाशित कृतियाँ- प्रेम पथ ( काव्य संग्रह)

साझा संग्रह - स्वर्णाभ (काव्य)

साझा संग्रह - दौर ए हयात (लघुकथा)

भावंजली कविता संग्रह व सुमन सुगंध साझा लघुकथा संग्रह

# शिशु और भोलापन

## लेखिका - श्रीमती पूनम टंडन, शाहजहाँपुर

नन्हा सा शिशु हास्य और क्रंदन ही जिसकी संपत्ति है, भोलापन और सरलता ही जिसका सिंगार है, अपने नन्हें हाथों और पैरों का स्वयं संचालन करता है। अपनी मासूमियत में इस बात से अंजान है कि उसके हाथ भविष्य में कभी किसी पर आघात करेंगे या किसी के सिर पर आशीर्वाद के लिए उठेंगे। मासूमियत ही अभी उसकी अमूल्य धरोहर है। शिशु जब तक अज्ञान है स्वार्थ लिप्साओं, झूठ और लोभ से कोसों दूर है।



ईश्वर तक पहुंचने के लिए उसे भक्ति, श्रद्धा और प्रेम की सीढ़ी नहीं लगानी पड़ती है। वह तो ईश्वर के इतना निकट है जितना संतो के साथ भक्ति है, फूलों के साथ खुशबू है, बगुले के साथ पंख हैं।

भविष्य में ज्ञान और चेतना उसे आध्यात्मिकता से  झूठ की ओर ढकेल रही है और इंसान भूल जाता है तब अहम् ब्रह्मास्मि का मंत्र  मोहपाश और मायाजाल में  फंसकर अपना भोलापन भूल जाता है और गलत काम करने लगता है। जब तक वह शिशु था और भोला मासूम था तब तक वह अच्छा था परन्तु वयस्क होने पर वह सब कुछ भूल जाता है और जो शिशु है उसका भोलापन चला जाता है।

2023

Mrs.  Poonam Tandon resides in Shahjahanpur and enjoys writing poems in her leisure time.



# २५ दिसंबर बड़ा दिन

## लेखिका - श्रीमती रजनी सेठ, शाहजहाँपुर

25 दिसंबर को बड़ा दिन कहा जाता है परन्तु इसकी असलीयत  को समझना भी जरूरी है। लगभग चार ईसा पूर्व ईसा मसीह का जन्म 25 दिसंबर को बेथलम के यहूदी घराने में हुआ था। उनकी मां मरियम एवं पिता यूसुफ थे। ये बचपन से ही बड़े ही जिज्ञासु  प्रवृत्ति के बालक थे। सत्य, अहिंसा और मानवता के ईसा मसीह संस्थापक थे। जिसका नतीजा यह निकला कि उनके समर्थक बढ़ते चले गए।लोग उनके प्रवचनों को सुनने के लिए बेताब रहते थे। भेड़, बकरियों के बीच में वह अपना समय व्यतीत करते थे।

एक समय की बात है वे काफिले के संग जा रहे थे तभी एक बीमार बुढ़िया उन्हें देखने बीच में घुस गई और उसने जैसे ही ईसा मसीह को छुआ एक चमत्कार हुआ कि बुढ़िया का बुखार उतर गया। वह खुद को स्वस्थ देखकर उनके चरणों में गिर गई। ऐसे अनेकों चमत्कारों के बाद लोगों ने उन्हें ईश्वर के अवतार के रूप में मान्यता दी। लेकिन रोम के शासक ने उन्हें साधारण व्यक्ति के रूप में ही दर्जा दिया। उन्होंने उनके ऊपर देशद्रोह का आरोप भी लगाया।रोम के राजा ने विश्वासघात के आरोप में उन्हें यरूशलेमश में

सूली पर चढ़ा दिया। कहा जाता है कि सूली पर चढ़ाए जाने के तीन दिन बाद वह फिर से जीवित हो गये।

इसके परिणामस्वरूप लोग उन्हें ईश्वरीय शक्ति और मसीहा के रूप में मानने लगे। आज दुनिया में पूरा ईसाई समुदाय यीशु मसीह के विश्वासों और सिद्धांतों का पालन करता है।

निस्संदेह यीशु मसीह एक शानदार व्यक्ति थे। केवल ईसाई ही नहीं विभिन्न धर्मों के लोग भी उन्हें बहुत सम्मान देते हैं। उनकी शिक्षाएं धार्मिक उद्देश्यों के लिए नहीं बल्कि मानवता की भलाई के लिए थी।

2023

Mrs. Rajni Seth has a keen interest in reading, writing poetry/articles in Hindi language. She also has great interest in singing old songs, gazals  and bhajans.



# इच्छा

## लेखिका - डॉ सुमन मेहरोत्रा, मुजफ्फरपुर

साहनी और उसकी पत्नी  राखी  शहर के पास ही गांव में छोटे पक्के मकान में रहते थे। साहनी के पास अपना रिक्शा था। वह सुबह घर से निकल जाता और शाम को घर आ जाता। दिन भर जो भी कमाता घर में पत्नी को दे देता। उसकी माँ बहुत पहले गुजर गई थी और पिता साहनी की शादी के बाद। पिता भी रिक्शा चलाते थे। साहनी भी ज्यादा नहीं पढ़ सका। नौकरी मिली नहीं इसलिए रिक्शा चलाने लगा। दोनों का जीवन आराम से गुजर रहा था।

कुछ समय बाद उनके बेटे कुमार का जन्म हुआ। दोनों पति पत्नी अपने बच्चे को बहुत प्यार से पाल पोस रहे थे। राखी उसे अच्छा डॉक्टर बनाना चाहती थी। कुमार भी पढ़ने में होशियार था। उसने दसवीं की परीक्षा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की।

कोरोना काल में राखी भी कोरोना की चपेट में आ गई, अस्पताल में भर्ती करवाया गया जहां उसकी मृत्यु हो गई।

मरने से पहले भी उसने अपने पति से वायदा करवा लिया कि बेटे को डॉक्टर बनाये। समय की मार, पत्नी को दिए वचन से उसने और अधिक परिश्रम किया। बेटे की मेहनत से बेटा डॉक्टर बन गया।

साहनी ने अब ऑटो ले लिया था। पढ़ाई के दौरान कुमार की नीना से गहरी मित्रता हो गई थी। डॉक्टर बनते ही दोनों ने शादी का निर्णय कर लिया था। नीना को कुमार के पिता और उनका घर पसंद नहीं था। उसने कुमार से कह दिया कि वह शादी के बाद न तो  गांव जायेगी व न ही उसके पिता के साथ रहेगी। कुमार ने अपने पिता को जब बताया तो साहनी को बहुत दुःख हुआ। कुमार ने कहा पिताजी आप दुखी क्यों हैं मैं आप के पदचिन्हों पर चलूंगा आपने माँ की इच्छा पूरी करने के लिए मुझे डॉक्टर बनाया। मैं अपनी पत्नी की इच्छा पूरी करूंगा शहर में बड़ा मकान लूंगा।

2023

डा० सुमन मेहरोत्रा करीब चालीस वर्षों तक निजी स्कूलों में सम्मानित शिक्षिका पद पर प्रतिष्ठित रहीI आपकी रुचि, पठन,पIठन,लेखन,सिलाई,कढाई आदि में है एवं आपकी कविता,लेख, कहानी, समीक्षा विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित हुई हैं I



# IKMG Patrika

## Invites our own writers
*for*
## February edition

| Stories | Poems | Recipes | Artwork | Thoughts | Style |
|---|---|---|---|---|---|

Pls. send your entries latest by January 15, 2023

Entries should be sent in word format only (**not more than 1500 words**) along with your brief introduction and a pic.

*In case any article/story is more than 1500 words, we will either split it in two editions or will not be able to carry it!*

*Keep writing; keep shining; keep smiling*

sharadmmehrotra@gmail.com
9958363661

# अलबेली जिंदगी

## लेखिका - श्रीमती नीता कपूर, कानपुर

यह रेलगाड़ी का सफर अलबेला है

जिंदगी भी तो सफर का खेला है।

सब मिलकर साथ बैठते हैं

पूर्व-पश्चिम से उत्तर-दक्षिण से मिलते हैं।

एक दूसरे से हिलते-मिलते हैं

न जाने कौन कहां से आया है

विभिन्न रंगों को मिलाया है।

यह रंग मिलकर दुनिया को सजाते हैं

धर्मनिरपेक्षता की राह दिखाते हैं।

क्या है यह धर्म संप्रदाय

सब उसी मालिक ने तो बनाए।

उस रहमत वाले का रहम बना रहे

उसकी कृपा दृष्टि से जीवन सजा रहे।

दुआओं की चादर बिछी रहे

हम सब पर नजरों करम बनी रहे।

जैसे रेल में यात्री चढ़ते उतरते हैं

उसी तरह संसार में नाविक आते - जाते हैं।

जब सत्यता को जानते समझते हैं

तो क्यों व्यर्थ लड़ते-झगड़ते हैं।

हम सब उस ईश्वर की संतान

बाकी सब तो नाम की जान -पहचान।

रेलगाड़ी रुपी संसार की नैया से

पार लगैया खेवनहार।

जय-जय श्री गिरिधर गोपाल

जय-जय श्री गिरिधर गोपाल

2023

Mrs. Nita Kapoor has been a teacher for 30 years, is a proficient tabla player and enjoys music, singing and poetry.





## IKMG MATRIMONIAL GROUP

We are one of India's leading Khatri matrimonial group that has helped lakhs of members find their perfect life partner.

We believe choosing a life partner is a big and important decision, and hence work towards giving a simple and secure matchmaking experience for you and your family. Each profile registered with us goes through a manual screening process before going live on site; we provide superior privacy controls and also verify contact information of members.

You can register for Free and search according to your specific criteria on age, height, community, profession, income, location . We have matches from Uttarpradesh, Delhi, Mumbai , Noida , Rajasthan, Punjab, Madhyapradesh, Kolkata, Hyderabad, Ahemdabad, Bangalore. We have khatri suitable matches from America, London, Germany. Matches for Overage and Divrocess

To connect from group please email your name and city name at intkmg@gmail.com
Whatsapp number : +447799748884

**Registration fee of Rs 500 must be deposited in bank per details**
ACCOUNT NO: 40859377154 / IFSC: SBIN0013405
State Bank of India, Parliament Street Branch, New Delhi

**From overseas and other countries £10**
International Khattri Mahasabha Group Ltd
ACCOUNT NO.: 96283301 / SORT CODE: 609357
SWIFT CODE: BIC: SBIOIGB2L
IBAN: GB87SBO160935796283301

# Personality of the month

## Punit Mehrotra




Punit Mehrotra in his diverse and inspiring journey of 24 years has been an authentic, innovative, visionary, versatile and passionate leader and a professional executive, leadership, business, career and life coach with a panache to enable transformation at every level, from individuals and corporates to society at large.

He has been living his life's purpose of making a significant positive difference by enabling individuals and teams to be the best version of themselves and unleashing their true potential.

He has been awarded with several national and international accolades as well as industry excellence awards throughout his professional and academic journey. He has been honoured by

Times Ascent amongst the 101 Top Most Iconic Global Coaching Leaders 2023 He was honoured with the ET-Now Coaching and Development Leadership Excellence Award 2020 at the World HRD Congress.




Punit Mehrotra is a globally Credentialed ICF Coach, and has been a Board Member and Vertical Director of ICF (International Coaching Federation), Mumbai Charter Chapter. He has been instrumental in galvanizing corporate and social partnerships to enable coaching access, excellence and impact. He has been an integral part of the IKMG Global Family as a Chief Strategic Advisor and Leadership Coach.

He has been wearing multiple hats seamlessly as a coach, coaching evangelist and leader, transformation enabler, facilitator, mentor,

educationista and business leader across industries, functions and roles. He has partnered as an expert with globally acclaimed employers, clients and consulting firms across the Pharma, IT, OTC, FMCG, Retail, Petro-chemicals, Medical Devices, Financial Services, Insurance, KPO, Automotive systems, Manufacturing, Education, Banking Services, Foreign Embassy and Social Sectors to enable people development, leadership coaching and transformation. He is an erudite speaker, Coach and a prolific Facilitator empaneled with KPMG, Aon Hewitt HR Learning Center and Ernst & Young.

Punit Mehrotra is an empaneled Ecosystem Coach & Mentor with Atal Innovation Centre at IT-BHU and Business Charcha. He has been sharing his knowledge and expertise at corporates, webinars, conferences, social and academic forums and Radio



interviews for furthering coaching, learning and development.

He has a sterling academic record with top honors and holds a postgraduate degree from BITS, Pilani. He has been enabling and driving leadership competency development, group coaching, entrepreneurship, innovation and industry readiness of students in prestigious academic institutes such as IIM Ahmedabad, TISS, NMIMS and Bombay College of Pharmacy.






He has been an illustrious leader nominated for the Novartis Global Leadership Discovery Program and underwent a year long journey of self-discovery and leadership development with eminent global coaches. He accomplished several International Coaching accreditations and certifications such as ICF – PCC (International Coaching Federation – Professionally Certified Coach), Licensed Emotional Intelligence Coach Practitioner, Hogan Practitioner and

Associate Neuro Linguistic Programming and was trained at Coach for Life US and Coacharya.



Punit Mehrotra is a firm believer and practitioner of the inside-out transformational approach to leadership coaching and development and helps individuals and teams align their doing and being to experience the ultimate resonance, fulfillment and success in personal and professional life.

# परिवर्तन की यात्रा

## लेखक - श्री सुशील मेहरोत्रा, मुरादाबाद

विराज ग्रुप ऑफ़ इंडस्ट्रीज के कॉर्पोरेट कार्यालय के विशाल प्रांगण में आज बहुत चहल पहल थी, पूरे कार्यालय को फूलों से सजाया गया था। सूट बूट पहने कंपनी के अधिकारी यहाँ वहां खड़े थे और समस्त व्यवस्थाओं को देख रहे थे। एक हाल में मीडिया, प्रेस के लोगों का जमावड़ा था। आज कंपनी के बोर्ड ऑफ़ डायरेक्टर्स की मीटिंग थी। वैसे तो मीटिंग होती रहती थी परन्तु आज का दिन विशेष था। कंपनी के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर श्री जयंती भाई को आज कंपनी के नए ऍम डी के नाम की घोषणा करनी थी। लोगों में इसको लेकर काफी उत्सुकता थी कि नया ऍम डी कौन होगा क्योंकि इस बड़ी कंपनी के कारोबार का वृहत् असर लोगों पर पड़ता था।



जयंती भाई  का इकलौता पुत्र कार्तिक कुछ दिन पूर्व ही लंदन से लौटा था। उच्च शिक्षा प्राप्त कर वह कंपनी के विदेश में फैले कारोबार को संभालता था। वैसे कार्तिक में कारोबारी प्रवीणता बहुत थी परन्तु जन्म से अब तक उसने सिर्फ अकूत सम्पति और वैभव ही देखा था। अतः उसमें अहम् भी बहुत था। ३० वर्ष का कार्तिक सुन्दर युवक था। उच्च शिक्षित, अत्यंत धनी , सुन्दर कार्तिक किसी के  भी मन को मोह सकता था, परन्तु उसके सख्त चेहरे को देखकर सभी भयभीत रहते थे। उसको ही कंपनी का ऍम डी बनाये जाने की चर्चा थी। काम के प्रति लापरवाही उसको बिल्कुल बर्दाश्त नहीं थी।  घर के काम करने वाले सारे नौकर भी हरदम सलीके के कपड़ों में दिखाई देते थे।



कंपनी के मुख्यालय में सभी डायरेक्टर्स पहुंचने लगे थे। कंपनी के अधिकारी उनकी अगवानी कर उन्हें उनके नियत स्थान पर बैठा रहे थे। बस इंतज़ार था तो कंपनी के चेयरमैन का जो आने ही वाले थे। थोड़ी देर में ही चेयरमैन श्री जयंती भाई अपने बेटे के साथ अपनी गाड़ी से उतरे। कंपनी के अधिकारियों ने उनकी अगवानी की । श्री जयंती भाई सबके अभिवादनों का मुस्कुरा  कर जबाब दे रहे थे  परन्तु कार्तिक का चेहरा  बिल्कुल भावहीन था। वह बस पिता के साथ साथ चल रहा था.. हाल में पहुँचने

पर कंपनी के डायरेक्टर्स ने उनका स्वागत किया। समस्त औपचारिकताओं के उपरान्त श्री जयंती भाई ने घोषणा की, कि कंपनी के नए ऍम डी श्री कार्तिक होंगे। लोगों ने तालियों से उनका अभिवादन किया। उसके उपरान्त एक संक्षिप्त प्रेस मीटिंग में इस बात की सूचना दी गयी और श्री कार्तिक का परिचय करवाया गया । उन्होंने उनके प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दिए और निरंतर कंपनी की प्रगति के लिए कार्य करने का भरोसा दिलाया ।

अगले दिन जब कार्तिक मुख्यालय पहुंचे तो समस्त बड़े अधिकारी वहां उपस्थित थे। उनके साथ कार्तिक की मीटिंग होनी थी। कार्तिक की सुविधा व जरुरत के लिए रुचि को उनका निजी सहायक नियुक्त किया गया था। जब कार्तिक को बताया गया कि रुचि उनकी निजी सहायक है तो उन्होंने बस सरसरी सी नजर से उसे देखा । रुचि भी उनके इस तरह से देखने से सहम सी गयी थी। रुचि ने ऍम ए के उपरान्त मैनेजमेंट की डिग्री भी ली थी, साथ ही वह कंप्यूटर के काम में भी बहुत कुशल थी। देखने में रुचि बहुत सुन्दर थी और काम के प्रति बहुत समर्पित थी। इसीलिए अधिकारियों ने उसे नए ऍम डी का निजी सहायक नियुक्त किया था। रुचि एक अत्यंत मध्यम परिवार में पली बढ़ी थी। पिताजी एक प्राइवेट कंपनी में अकाउंटेंट थे परन्तु कुछ कारण से वह कंपनी बंद हो गयी जिससे उनकी नौकरी जाती रही थी। इस उम्र में उन्हें कोई दूसरी नौकरी

नहीं मिली इसीलिए वो गुजारे के लिए दो जगह पार्ट टाइम एकाउंट्स का काम कर रहे थे। माँ के बायें भाग में लकवा हो गया था जिससे वो चलने फिरने मैं असमर्थ थी। इसलिए घर का सारा काम भी उसे ही करना पड़ता था। दिन में पिताजी देख लेते थे । घर से ऑफिस भी बहुत दूर था, आने जाने में ही २ घंटे से ज्यादा लग जाते थे।



काम सँभालने के बाद कार्तिक व्यापार के सन्दर्भ में अक्सर बाहर जाया करते थे। शहर में रहते हुए रूचि भी उनके साथ जाया करती थी। ज्यादातर वह दूसरी गाड़ी में कार्तिक के साथ जाया करती थी। कार्तिक के काम से सम्बंधित सभी जरूरतों को वह पूरे मनोयोग से पूरा करती थी। एक दिन बोर्ड रूम में कार्तिक की बड़े अधिकारियों के साथ मीटिंग

चल रही थी, चर्चा के मध्य कार्तिक को कोई जानकारी देनी थी, उन्होंने रूचि को उनके कमरे से सम्बंधित फाइल तुरंत लाने को कहा। वहां जाने पर रूचि को वह फाइल नहीं मिली और उसे ढूंढने में थोड़ा समय लग गया परन्तु वह फाइल नहीं मिली। वह जब वापस बोर्ड रूम में पहुंची तो कार्तिक उस पर बरस पड़ा ।

"एक तो इतना समय लगा दिया और फाइल भी ले कर नहीं आयी, फाइल हमारी मेज पर ही रखी है।"

"सर, फाइल वहां नहीं थी इसीलिए ढूंढने लगी"

“शट अप एंड डोंट argue "

"मैं ऐसी लापरवाही बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करूँगा" कार्तिक गुस्से में बोला।“

वहां बैठे सभी अधिकारी सकते में थे। वह कार्तिक के गुस्से से परिचित थे। वह बोर्ड रूम से बाहर आ गयी, उसकी आँखों से आंसू बह रहे थे परन्तु किसी की हिम्मत कुछ पूछने की नहीं हुई। कार्तिक ने मीटिंग खत्म कर दी। कार्तिक जब अपने कमरे में वापस गए तो उन्होंने देख लिया कि रूचि की आँखें नम थी परन्तु वो सीधे अपने कमरे में चले गए। शाम जब कार्तिक घर पहुंचे तो देखा कि वह फाइल उनके कमरे में मेज पर रखी हुई है। आज उसे पहली बार अपनी गलती का बोध हुआ। अगले दिन सुबह से ही वर्षा हो रही थी। रूचि ने एक जोड़ी कपडे ऑफिस में रख छोड़े थे ताकि अगर भीग जाये तो वहां पहुँच

कर कपड़े बदल लेगी, उसे दफ्तर समय से पहुंचना था, इसीलिए बसों की भागा दौड़ी में वह जब ऑफिस पहुंची वो बिल्कुल भीग गयी थी। वह जब ऑफिस पहुंची तो उसी समय ऍम डी साहब की गाड़ी वहां आकर रुकी, उन्हें उतरते देखकर रूचि तेजी से जाने लगी, कार्तिक ने भी देख लिया था कि रूचि बिल्कुल गीली तेजी से जा रही थी। दसवीं मंजिल पर स्थित अपने वहां पहुंच कर वह जल्दी से कपड़े बदलने चली गयी । कार्तिक के आने पर वह जब उन्हें गुड मॉर्निंग कहने गयी तो रूचि को यह अहसास हुआ कि आज कार्तिक के व्यवहार में वह सख्ती नहीं थी परन्तु काम के अतिरिक्त कोई और बात नहीं हुई।

सरकारी नीतियों के विरोध में आज संपूर्ण महाराष्ट्र बंद था। बसें , टैक्सी कुछ नहीं चल रहीं थीं । सिर्फ़ लोकल ट्रेन ही चल रहीं थी जिनमें बहुत अधिक भीड़ थी। रूचि भी सड़क पर खड़ी इस इंतज़ार में थी कि कोई जानकार मिल जाये जिसके साथ वह ऑफिस पहुँच जाये। उसके चेहरे पर चिंता के भाव थे कि कैसे भी ऑफिस पहुँच जाये। नौकरी उसके और उसके परिवार के लिए कितनी जरुरी थी यह वह ही जानती थी। सौभाग्यवश उसी समय ऍम डी साहब अपनी गाड़ी से वहां से गुजर रहे थे। उनके ड्राइवर ने दूर से ही रूचि को सड़क पर खड़े देखा कि कैसे वह लोगों से लिफ्ट मांग रही थी। उसने गाड़ी धीमी करके सड़क के किनारे रोक दी।


कार्तिक ने पूछा " गाडी क्यों रोक दी"

ड्राइवर ने कहा "साहब, रूचि मैडम सड़क पर खड़ी हैं और जाने  वालों से लिफ्ट मांग रही हैं। आज सब बंद है, अगर आप आज्ञा दें तो उन्हें बिठा लें"।

"वैसे भी साहब उन्हें आपके साथ ही काम करना है"।

पता नहीं क्या सोच कर कार्तिक ने हामी भर दी। ड्राइवर गाड़ी से उतर कर रूचि के पास आया और बोला " मैडम , आप गाड़ी में आ जाएं . आज कोई सवारी नहीं मिलेगी”।

"ऍम डी साहब को गाड़ी में देखकर वो सहम गयी। उसने कहा कि वह कैसे भी आ जाएगी.. परन्तु जब ड्राइवर ने कहा कि ऍम डी साहब ने ही कहा है तो वह तैयार हो गयी.. पास पहुंचकर उसने कार्तिक को नमस्ते की  और गाड़ी में आगे बैठ गयी। गाड़ी में बैठे कार्तिक ने आज पहली बार इतने ध्यान से रूचि को देखा। उसे रूचि भली लड़की



लगी  थी। उस दिन शाम को काम की अधिकता की वजह से वह घर जाने के लिए बहुत लेट हो गयी थी। उसे घर पहुंचने की चिंता हो रही थी। बंद होने की वजह से कैसे और कब घर पहुंचेगी यही उसके दिमाग में घूम रहा था  परन्तु ऍम डी साहब के ऑफिस में रहते वहां से जाया भी नहीं जा सकता था। शाम के ७:३० बज गए थे, कार्तिक का बैग लेकर कर्मचारी जा चुका था। रूचि भी जाने की तैयारी करने लगी तभी ऍम डी साहब ने उसे अपने कमरे में बुलाया।

"रूचि तुम कहाँ रहती हो और अब घर कैसे जाओगी। मैं कह देता हूँ, ऑफिस कार से तुम्हें घर छोड़ देंगे"।

रूचि ने बताया कि वह कहाँ रहती है, वह स्थान ऑफिस से लगभग २० किमी. दूर है। वह लोकल ट्रेन से चली जाएगी"।

"अरे हमे भी तो उसी तरफ जाना है. तुम हमारे साथ हमारी गाड़ी में ही चलो" कार्तिक ने कहा।


कार्तिक के अचानक ऐसे कहने से रूचि बौखला गयी । "नहीं सर मैं चली जाऊँगी "।



"कोई बात नहीं तुम मेरे साथ आओ" कहकर कार्तिक चल दिया। अब रूचि भी उनके साथ चल दी। नीचे उतर कर रूचि और कार्तिक बाहर खड़ी गाड़ी मे बैठ गए। रूचि आगे ड्राइवर के बगल में बैठ गयी। कार्तिक चाह तो यही रहा था कि रूचि पीछे उसके साथ ही बैठे परन्तु कुछ अहंकार और कुछ संकोच वश कह न सका। गाड़ी मे बैठे उसने रूचि से उसके परिवार के बारे मे पूछा। उसने बताया कि उसकी माँ लकवे के कारण चलने फिरने मे असमर्थ है और पिताजी की नौकरी नहीं रही है और वह घर पर ही रहते हैं। उसकी नौकरी ही सबका सहारा है। आज शायद कार्तिक ने पहली बार किसी से कोई निजी जानकारी ली थी। उसकी बात सुनकर उसे रूचि के प्रति सहानुभूति सी हुई परन्तु उसमें कुछ अपनेपन का भी भाव था। घर के पास पहुंचकर उसने गाड़ी गली के पास ही रुकवा दी। उसने बताया कि आगे गली मे जाकर वह रहती है। कुछ सोचकर कार्तिक भी गाड़ी से उतर गया  और बोला " चलो मैं भी तुम्हारे पिताजी से मिल लेता हूँ"। रूचि बौखला गयी और बोली " सर सर आप वहां कहाँ गली मे जाएंगे, मैं चली जाउंगी“। कार्तिक के यह कहने से वो घबरा गयी थी और नहीं चाहती थी कि वह उसके एक कमरे के मकान में आएं।

"कोई बात नहीं " कहकर कार्तिक साथ साथ चल दिया । तेज तेज कदमों से चलते हुए वह घर की ओर बढ़ चली। कार्तिक आज पहली बार किसी चाल  मे आया था। रूचि के साथ किसी बड़े घर के व्यक्ति को देखकर सब लोग बहुत उत्सुकता से देख रहे थे।

कमरे पर पहुंचकर उसने कार्तिक को अंदर बुलाया ।कमरे मे बैठने के लिए एक कुर्सी पड़ी थी। उसने पिताजी और माताजी को बताया कि वह कंपनी के मालिक हैं और रात हो जाने के कारण उसे छोड़ने आ गए हैं। माताजी और पिताजी से मिलकर और उनकी अवस्था देखकर उसे बहुत दुःख हुआ। पिता ने बताया कैसे सुबह जल्दी उठकर घर का काम करके रुचि दफ्तर जाती है। कुछ देर रूककर कार्तिक वहां से चल दिया। चाल के बाहर तक रुचि उन्हें छोड़ने भी आयी। उधर गाड़ी में ड्राइवर सोच रहा था कि आज मालिक में यह कैसा बदलाव है परन्तु दिल से वह बहुत खुश था। घर पहुँच कर जब कार्तिक रात को शयनकक्ष में लेटा तो उसके दिमाग में काफी देर तक रुचि का चेहरा घूमता रहा। अपने किसी भी कर्मचारी के प्रति उसे कभी भी ऐसा अनुभव नहीं हुआ था। वह एक अनुशासन प्रिय और काम के प्रति समर्पित व्यक्ति था



जिसके जीवन में किसी की निजी जिंदगी का कोई सरोकार नहीं था।

अगले दिन जब रुचि ने प्रातः ऑफिस पहुँच कर कार्तिक के कमरे में जाकर उसका अभिवादन किया तो कार्तिक ने मुस्कुराकर जबाब दिया। पता नहीं क्यों उसे देखते ही कार्तिक के चेहरे पर तनाव ख़त्म हो गया और वह बिल्कुल सहज हो गया। कार्तिक को

रुचि अच्छी लगने लगी थी। उसके जाने के बाद कार्तिक ने मानव संसाधन  विभाग के बड़े अधिकारी को बुलाया और रुचि के वेतन में ५० % वृद्धि करने को कहा।

उन्होंने कहा " सर, ऐसे किसी के वेतन में इतनी वृद्धि करना कंपनी के  नियमो  के विरुद्ध है  तथा और लोग भी अपेक्षा करेंगे "।

"सर ,यदि आप वेतन वृद्धि करना ही चाहते हैं तो हम उचित तरीके से करकर २०% की वृद्धि कर देते हैं"।

कार्तिक ने सहमति दे दी । शाम को जब रुचि को पता चला कि ऍम डी साहब ने उसका वेतन २०% बढ़ा दिया है तो वह ख़ुशी से फूली नहीं समायी। वह ऍम डी साहब के कमरे में गयी और उनका हृदय से आभार व्यक्त किया। उसके चेहरे पर ख़ुशी देखकर कार्तिक भी बहुत खुश  था।  अब अक्सर बिना किसी काम के भी जब कार्तिक ऑफिस में होता तो रुचि को बुला लेता था। रुचि भी अब उससे सहज हो गयी थी और उसे भी कार्तिक के पास रहना अच्छा लगने लगा था। मगर अपने और उसके बीच के बड़े अंतर के कारण वह कभी भी मर्यादा नहीं भूलती थी। दोनों के मन में एक दूसरे के प्रति प्रेम का अंकुर फूट गया था। परन्तु दोनों ही अलग अलग कारणों से कुछ कह नहीं पा रहे थे। कंपनी के काम से अक्सर कार्तिक को बाहर जाना रहता था। वो अपने साथ रुचि को भी ले जाना चाहता था। पहले तो रुचि ने बाहर जाने के लिए अपनी विवशता बताई परन्तु कार्तिक के जोर देने पर उसने पिताजी से पूछकर बताने के लिए कह दिया।

पिताजी कार्तिक से मिल चुके थे और उनके व्यव्हार से बहुत प्रभावित थे अतः उन्होंने हां कर दी। वैसे तो कार्तिक कहीं बाहर जाकर रात तक वापस हो जाते थे परन्तु कभी कभी रात को रुकना भी पड़ता था। हवाई जहाज से यात्रा , कारों में घूमना , पांच सितारा होटलों में रहना रूचि  के लिए एक स्वप्न जैसा था। परन्तु कार्तिक के लिए यह सब सामान्य था और वह रूचि को भी सामान्य रहने के लिए कहता था। साथ यात्रा करते, काम करते कार्तिक और रूचि बहुत करीब हो गए। दोनों एक दूसरे के साथ अधिक से अधिक रहना चाहते थे  मगर इतने पर भी मालिक, मातहत, बड़े छोटे  के अंतर को खत्म



नहीं कर सके थे। करीब होते हुए भी रूचि उससे ज्यादातर मालिक होने के भय से दबी रहती थी। कार्तिक भी अपने अहम् को नहीं भूल पाता था। एक दिन दोनों एक मीटिंग के लिए दिल्ली आये हुए थे रात उन्हें रुकना था इसलिए रात डिनर के लिए एक बड़े होटल में गए । वहां कार्तिक ने कहा " रूचि , जब से तुम हमारी जिंदगी में आयी हो मैं लोगों को ज्यादा अच्छी तरह समझने लगा हूँ”।

"परिवार, प्रेम क्या है यह समझ आने लगा है"।

रूचि ने कहा "सर (वो अब भी सर ही कहती थी) मुझे भी आपका साथ बहुत अच्छा लगता है परन्तु हमारे बीच जमीन आसमान का अंतर है"।



"हवाई जहाजों , कारों में यात्रा करने, महंगे होटलों में रहने से एक सामान्य व्यक्ति की अपेक्षाओं , भावनाओं को समझा नहीं जा सकता है"।

अचानक कार्तिक ने रुचि का हाथ अपने हाथों में ले लिया  और बोला " मैं यह अंतर भी खत्म करना चाहता हूँ , तुम्हारे साथ मैं सब कुछ देखना , समझना  चाहता हूँ."।

"क्या तुम मेरा साथ दोगी रुचि" कार्तिक ने कहा ।

आज पहली बार कार्तिक ने ऐसे कहा था । रुचि से कुछ कहते नहीं बना। फिर धीरे से बोली " मैं हरदम आपके साथ हूँ"।

एक दूसरे की निकटता को ऑफिस के लोग भी महसूस करते थे और आपस में बात भी करते थे परन्तु ऍम डी  साहब के सामने कुछ कहने की हिम्मत किसी की नहीं थी। इतना जरूर था कि लोग अब रुचि को भी अधिक मान देने लगे थे।

बातों बातों में एक दिन कार्तिक ने बताया कि उसने कभी ट्रेन में यात्रा नहीं की है। कार्तिक  को  एक मीटिंग के लिए दिल्ली जाना था, उसने रुचि से दोनों के टिकट और सारी व्यवस्था  करने को कहा। पता नहीं क्या सोचकर रुचि कार्तिक के पास गयी और बोली " कार्तिक मैं आपसे कुछ कहना चाहती हूँ"। कार्तिक के बहुत कहने पर वह अकेले में उसे सर नहीं कार्तिक कहकर बुलाती थी।

"इसमें इतना सोचने की क्या बात है रुचि" कार्तिक बोले।


"आपने कभी ट्रेन से यात्रा नहीं की है  क्यों न हम इस बार ट्रेन से दिल्ली जाएँ" रुचि बोली।

कुछ देर सोचने के बाद कार्तिक बोला " यह अच्छा विचार है। हम लोग ट्रेन से ही चलते हैं। तुम सब व्यवस्था कर लो और दिल्ली ऑफिस में भी बता दो"।

"कार्तिक आप इतनी बड़ी कंपनी के ऍम डी हैं अतः इसको पहले से लोगों को बताना ठीक नहीं होगा"। " क्यों न हम इस यात्रा को बिना औरों को बताए करें। आपकी सारी व्यवस्था मैं कर लूंगी"।

रुचि के साथ अकेले ट्रेन में पहली बार यात्रा और वह भी बिना बताये करने के विचार से ही कार्तिक रोमांचित हो गया। उसने कहा कि वो जैसे चाहे सारी व्यवस्था कर ले।


रुचि ने मुंबई से दिल्ली जाने वाली ट्रेन में ऐ सी सेकंड क्लास में दो बर्थ रिज़र्व करा लीं। उसने कार्तिक से कहा कि वह स्टेशन टैक्सी में ही आये और किसी से इसकी चर्चा न करे। कार्तिक को यह सब एक खेल सा लग रहा था। तय समय पर कार्तिक स्टेशन पर आ गया जहाँ रुचि उसे मिल गयी। उसने कुली की व्यवस्था पहले से कर रखी थी। आज पहली बार कार्तिक के साथ कंपनी का कोई अधिकारी नहीं था। उसने कार्तिक से अनुरोध किया कि वह अपनी पहचान किसी को न बताये।



ट्रेन आने पर दोनों अपने कोच में आकर अपनी नियत सीट पर बैठ गए। कार्तिक बड़े विस्मय और रूचि से हर चीज़ और आने जाने वालों को देख रहा था।  सीट पर बैठ कर उसने ख़ुशी से रूचि का हाथ दबा दिया  और बोला " थैंक यू रूचि जीवन में यह नवीन अनुभव देने के लिए"। रूचि ने भी उसके हाथों को अपने हाथों से दबा दिया ।  इनकी सीटें ऊपर नीचे की थीं। सामने की सीट पर एक प्रौढ़ पुरुष और उनकी पत्नी आकर बैठ गए। उनके पास सामान ज्यादा था तो उन्होंने कार्तिक की अटैची आगे सरका दी और अपना सामान रखने लगे। कार्तिक को यह अच्छा नहीं लगा,  वह बोला " अपना सामान अपनी सीट के नीचे ही रखें। यह हमारी  सीट है "।

"ठीक है भैया  सामान ज्यादा है इसीलिए आपकी सीट के नीचे रख दिया है"।

"ऐसे तो चलता है भाई।  लगता है आप पहली बार ऐ सी में चल रहे हैं"। " यह सब हवाई जहाज में भी नहीं चलता है यह तो ट्रेन है"।



कार्तिक को उसकी बात बुरी लगी। उसका चेहरा तमतमा गया  रूचि ने तुरंत कार्तिक का हाथ दबा दिया । उसने कहा " आप अपना सामान रख लीजिये कोई बात नहीं"।

उन्होंने अपना सामान सेट कर लिया। कार्तिक थोड़ा तनाव में आ गया था और वह बोतल उठाकर  पानी पीने लगा। थोड़ी देर में ट्रेन चल दी और सब कुछ सामान्य हो गया। सामने बैठी महिला बहुत ध्यान से इन दोनों को देख रही थी  और जैसे बात करने को उत्सुक हो रही थी। कुछ समय के पश्चात एक वेंडर कॉफ़ी लेकर आया और उन लोगों ने कॉफी ले ली। रूचि ने भी अपने लिए और कार्तिक के लिए कॉफ़ी ले ली। पहले तो कार्तिक ने मना कर दिया परन्तु रूचि के कहने पर उसने ले ली। कॉफ़ी पीते हुए वह थोड़ा रिलैक्स हो गया था। उस महिला ने रूचि से पूछा " आप लोग भी दिल्ली जा रहे हैं  क्या ?”

"जी हाँ हम लोग ऑफिस के काम से दिल्ली जा रहे हैं " रूचि ने जवाब दिया।

"आप दोनों साथ ही काम करते हैं  क्या?" उस महिला ने पूछा ।

"जी, हम साथ ही काम करते हैं। यह हमारे सीनियर हैं" रूचि बोली ।

कार्तिक चुपचाप एक मैगज़ीन  के पन्ने पलट रहा था । अब उस महिला के साथ बैठे उसके पति ने पूछा " आप लोग किस कंपनी में हैं"।

रूचि बोली " विराज इंडस्ट्रीज  में “।

" वह तो बहुत बड़ी कंपनी है। कंपनी अपने शेयर होल्डर्स को प्रति वर्ष अच्छा डिविडेंड भी देती हैं। मैंने भी कंपनी के शेयर्स खरीद रखें हैं" उस महिला के पति ने कहा ।

कंपनी का नाम और चर्चा सुनकर कार्तिक भी आनंदित हो रहा था । रूचि भी कार्तिक के मनोभावों को जानकार खुश थी।

"सुना है कंपनी में नए ऍम डी आये हैं" उन्होंने पूछा

"जी " रूचि ने संक्षिप्त जवाब दिया।

कार्तिक टॉयलेट जाने के लिए रूचि को इशारा कर उठ कर चला गया। वापस लौटते समय बगल के केबिन में उसने एक युवा पति पत्नी को कार्ड्स खेलते देखा तो वह खड़ा होकर देखने लगा कोई काम तो था नहीं, उन्होंने जब कार्तिक को खड़े होकर एन्जॉय करते देखा तो उससे कहा " आये भाई साहब, आप भी हमारे साथ खेले और कंपनी दें"।

कार्तिक भी वहां बैठ गया और उनके साथ खेलने लगा । उसे बहुत आनंद आ रहा था , वो पति पत्नी भी उसके खेल कौशल, व्यव्हार और व्यक्तित्व से प्रभावित थे।



काफी देर तक जब कार्तिक नहीं लौटे तो रूचि चिंतित हो गयी। वह देखने को गयी तो उसने कार्तिक को बगल के केबिन में कार्ड्स खेलते हुए देखा। कार्तिक काफी एन्जॉय कर रहे थे, रूचि को देखकर वो सॉरी बोलकर उठ खड़ा हुआ। "थैंक यू भाई साहब , आपके साथ खेलकर बहुत अच्छा लगा। भाभी जी भी आपको मिस कर रही होंगी" उसने कहा।

यह सुनकर रूचि का चेहरा शर्म से लाल हो गया। कार्तिक भी यह देखकर मन ही मन खुश हो रहा था।

कार्तिक और रूचि बैठकर काफी देर तक ऑफिस  के काम की बातें करते रहे। इसी बीच एक छोटी सी ४-५ वर्ष की लड़की उनके पास आकर खड़ी हो गयी। वो कार्तिक के पैर पर हाथ रखकर बड़े भोलेपन और प्यार से कार्तिक को देखकर मुस्कुरा रही थी। यह देखकर कार्तिक को बहुत अच्छा लगा, उसने उस लड़की से पूछा " बेबी चॉक्लेट लेगी "। तो उसने अपना सर हिला दिया, अभी कार्तिक को अफ़सोस  हो रहा था कि उस समय उसको देने के लिए उसके पास चॉक्लेट नहीं थी। तभी रूचि ने अपने बैग से निकालकर एक चॉक्लेट कार्तिक को दी। कार्तिक ने उसकी आँखों में देखते हुए मन ही मन उसका धन्यवाद किया और वो चॉक्लेट उसने उस बच्ची को दे दी। चॉक्लेट  पाकर वो बहुत खुश हो गयी। उसको ऐसे खुश देखकर कार्तिक को भी बहुत अच्छा लग रहा था। वह सोच रहा था कि लोगों के बीच जो सुख है वो लोगों से दूर रहकर नहीं है। रात खाना खाकर वो ऊपर की सीट पर जाकर लेट गया। काफी देर तक वो रूचि को नीचे लेटे हुए देखता रहा । आँखों से जैसे नींद उड़ गयी थी।  सोचते विचारते कब आँख लग गयी पता ही नहीं चला।

प्रातः जब रूचि ने उसे गुड मॉर्निंग कहकर उठाया तो उसे देखकर मुस्कुराते हुए वो उठ गया। रूचि ने बताया कि एक घंटे बाद दिल्ली आने वाला है अतः उसे तैयार हो जाना चाहिए। रूचि ने दिल्ली ऑफिस फ़ोन करके अधिकारिओं को बता दिया था कि कार्तिक

ट्रेन से आ रहे हैं अतः कंपनी के बड़े अधिकारी प्लेटफार्म पर आ चुके थे। सब तनाव में दिख रहे थे क्योंकि ऐसा पहले कभी नहीं हुआ था। दिल्ली पहुंचकर जब कार्तिक ट्रेन से उतरा तो वह बहुत संयत पर खुश था। उसने सबके अभिवादन का मुस्कुरा कर जबाब दिया। ऍम डी साहब को इतना सहज और खुश देखकर सभी अधिकारी भी तनाव मुक्त हो गए। कार्तिक भी रूचि के साथ गाड़ी में बैठकर होटल के लिए चल दिया। उसने रूचि को इस शानदार अनुभव दिलाने के लिए धन्यवाद कहा। वह जल्द से जल्द होटल पहुँच कर रूचि से बहुत कुछ कहना चाहता था। निश्चय ही ट्रेन की यह यात्रा कार्तिक के जीवन की परिवर्तन की यात्रा थी।

2023


Mr. Sushil Mehrotra was born & brought up at Kanpur where he did his post graduation in science. He is presently staying in Moradabad after his retirement as an executive from Indian Bank.



# OUR PROUDEST MOMENTS

IKMG is delighted to announce





Vaibhavi Tandon    Parth Khanna

as our two Youth Ambassadors!


JM Kothari&Son Jewellers
Manufacturers,Wholesalers
of Bikaner Polki, Kundan
and Jadau Jewellery
E17 South Extension Part 2
9891166666
jmkjmk2004@gmail.com
follow us on Instagram
@‘jmkothari1’


Love
my
Style


Poonam Tandon
Shahjahanpur




sharadmmehrotra@gmail.com

**+91 9958363661**

*IKMG reserves the rights for reproduction and distribution of the published content*
*IKMG does not support plagiarism and any such act is the sole responsibility of the writer*

*Printer & Publisher: IKMG Ltd.*
*Editor: Mr. Sharad Mehrotra*
*Proof Reading: Mr. Manoj Puri*